आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अख़बार
दैनिक भास्कर
SUNDAY
झुंझुनूं, 4 फरवरी, 2024
माघ कृष्ण पक्ष-9, 2080
कुल पेज - 26
रसरंग आज
मूल्य | ₹ 5.00
dainikbhaskar.com
12 राज्य | 61 संस्करण
शेखावाटी भास्कर
झुंझुनूं, रविवार, 4 फरवरी, 2024
झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी • सुधागौड़जी • बुहाना • सूरजगढ़
dainikbhaskar.com

सीरी में 'शिल्प' के 7वें बैच का प्रशिक्षण संपन्न

पिलानी | सीएसआईआर-सीरी में इंजीनियरिंग और विज्ञान विद्यार्थियों के लिए आयोजित इम्पैक्ट हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प) के सातवें सत्र

का समापन हुआ। इस बैच में गणपत विश्वविद्यालय गुजरात के एमटेक के 15 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। भारत सरकार के कौशल विकास अभियान से कदम मिलाते हुए सीएसआईआर की और से देश में इम्पैक्ट उद्योग जगत के लिए कुशल जनशक्ति उपलब्ध कराने के दूरदर्शी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2021 में आरंभ किया गया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुचंदन पाल, डॉ. अशोक चौहान उपस्थित थे। डॉ. सुचंदन पाल ने कहा कि किसी भी विकसित देश के विकास में इम्पैक्ट टेक्नोलॉजी का बड़ा योगदान है और हमारे देश में इस क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि अब हमें गैलियम नाइट्राइड क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है। तकनीकी अधिकारी रमाकांत शर्मा ने स्वागत किया।